प्रभात

छिपाएंगे नहीं, छापेंगे

facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv

www.subhartimedia.com लखनऊ, बुधवार, 19 जून 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित

क्रिकेट विश्व कप में आज

द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड

स्थान : बर्मिंघम,

भारतीय समयानुसार : अपराह्न 3 बजे

मैनेजर की रिपोर्ट में इंजमाम हार का असली विलेन पेज -11

इन्नोवेशन टेक्नालॉजी मैंनेजमेंट की पुस्तक का विमोचन

उपलब्धि

- देश में अपनी तरह की अलग पहचान वाली पहली पुस्तक प्रकाशित : रवीश रोशन

लखनऊ। प्रभात

सेन्टर फार इजुकेशन ग्रोथ व रिसर्च संस्थान (सीईजीआर) नई दिल्ली द्वारा उनकी 14वीं पुस्तक का विमोचन अभी हाल मे हुआ था, जिसमे स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज, लखनऊ के महानिदेशक डॉ0 भरत राज सिंह द्वारा उनके 3.चैप्टर्स होने से एसएमएस के इतिहास में एक गौरवमयी उपलब्धि और दर्ज हो गई। सीईजीआर के निदेशक रवीश रोशन ने अवगत कराया कि यह पुस्तक भारतवर्ष में अपनी तरह की अलग पहचान वाली पहली.पुस्तक प्रकाशित हुई हैं जिसमें पाठ्यक्रम के अनुसार सभी 14.मूल.चैप्टर्स शामिल किए गये है। आशा है कि विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए यह एक प्रकार की अनोखी पुस्तक साबित होगीए जिसमें उनकी जिज्ञासा के सभी प्रश्नों के उत्तर मिल सकेंगे।

इस पुस्तक के मुख्य सम्पादक ए0पी0 मित्तल सदस्य.सचिव अखिल भारतीय तकनीकी परिषद है तथा इसका विमोचन प्रबन्धन की एक कार्यशाला के दौरान डॉ0 रमेश उन्नीकृष्णन निदेशक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद डॉ0 सोनाली सिन्हा सी0ओ0ओ0 एवं एस0डी0सी0 कुंवर शेखर विजेन्द्र कुलाधिपति शोभित विश्वविद्यालय वी0एम0 बन्सल अध्यक्ष नई दिल्ली प्रबन्धन संस्थान तथा विभिन्न क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविदों की उपस्थिति मे किया गया। डॉ0 सिंह द्वारा इस पुस्तक में एक अग्रणी भूमिका निभाई गयी क्योकि उनके ही सर्वाधिक चैप्टरों को सामिल करने से पुस्तक का शिक्षा जगत मे एक विशेष पायदान प्राप्त हुआ है। इनके द्वारा 14.चैप्टर की इस पुस्तक में 3.चैप्टर स्वयं द्वारा तैयार कर एक कीर्तिमान स्थापित किया गया है।

स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज के अध्यक्ष एस0के0 सिंह तथा सचिव व कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने संस्थान की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की तथा प्रख्यात शिक्षाविद व पर्यावरणविद डा0 सिंह को उनके शिक्षा जगत में किये गये इस अद्वतीय योगदान हेतु सराहना की।